Title: Need to declare Jaipur Airport as International Airport.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, जयपुर शहर में हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। हवाई अड्डे का काफी विस्तार हो गया है और रनवे भी बना दिया गया है। प्रत्येक नागर विमानन मंत्री ने अपने भाषण में यह घोषणा की थी कि जयपुर हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया जाएगा क्योंकि दिल्ली में सर्दी के मौसम में घना कोहरा होने के कारण वायुयान को उतरने में कठिनाई आती है और राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को भी असुविधा होती है। इसलिए आवश्यक है कि जयपुर हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया जाए।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जयपुर हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया जाए.